एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

अनीस बज्मी की अगली फिल्म में साथ नजर आएंगे विकी और सारा!

बेहद कम वक्त में सारा अली खान बॉलिवुड की टॉप हिरोइनों में शुमार हो गई हैं। अभी तक उनकी सिर्फ दो ही फिल्में रिलीज हुई हैं, लेकिन फिल्ममेकर्स उनके पास लाइन लगाकर खड़े हैं। खबर आ रही है कि निर्देशक अनीस बज्मी ने सारा को अपनी अगली रोमांटिक-कॉमिडी फिल्म के लिए साइन किया है। इस फिल्म में सारा के ऑपोजिट विकी कौशल नजर आएंगे। अभी सारा और विकी कौशल की तरफ से इस फिल्म को लेकर कोई ऑफिशल कन्फर्मेशन नहीं आया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों ने बताया कि अपनी इस फिल्म के लिए अनीस बज्मी एक यंग और फ्रेश कास्ट चाहते थे। विकी इस फिल्म के लिए हामी भर चुके हैं। वहीं अनीस ने इस फिल्म के सारा को लेने का इसलिए मन बनाया क्योंकि उन्हें लगता है कि सारा एक दमदार परफॉर्मर हैं और अभी तक लोगों ने उनकी कॉमिकल साइड नहीं देखी है। वहीं बता दें कि कुछ वक्त पहले ऐसी खबरें आई थीं जिवमें कहा गया कि सारा ने विकी कौशल के ऑपोजिट ऊधम सिंह बायोपिक में मिले रोल को रिजेक्ट कर दिया। हालांकि इसकी अभी तक कोई पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन अब लग रहा है कि विकी और सारा की जोड़ी अनीस बज्मी की फिल्म में साथ नजर आएगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, सारा ने जब स्क्रिप्ट सुनी तो उन्हें बहुत पसंद आई और उन्होंने इस फिल्म के लिए हां कर दी है। सारा और विकी के अन्य फिल्मी प्रॉजेक्ट्स की बात करें तो सारा जहां कुली नंबर वन के रीमेक और इम्तियाज अली की लव आज कल 2 में नजर आएंगी, वहीं विकी कौशल के पास ऊधम सिंह, सैम मानेकशॉ की बायॉपिक और भूत-पार्ट 1 द हॉन्टेड शिप जैसी फिल्में हैं। वहीं अनीस बज्मी फिलहाल अपनी फिल्म पागलपंती की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। 22 नवंबर को रिलीज होने जा रही इस फिल्म में जॉन अब्राहम, उर्वशी रौतेला, अनिल कपूर, इलियाना डिक्रूज, अरशद वारसी, सौरभ शुक्ला और पुलकित सम्राट नजर आएंगे।

लंदन में टीम के साथ ये सब किया करती हैं परिणीति चोपड़ा

परिणीति चोपड़ा जल्द ही गर्ल ऑन द ट्रेन की रीमेक में नजर आएंगी। इसके लिए उन्होंने लंदन में करीब दो महीने तक शूटिंग की। इस शूटिंग शेड्यूल के दौरान वह कैसी रहती थीं और अपनी टीम के साथ कैसा बर्ताव करती थीं, इसके बारे में अब जानकारी सामने आई है।

सोर्स के मुताबिक, परिणीति पहली बार ग्रे कैरेक्टर प्ले कर रही हैं, इस मुश्किल किरदार को करने के लिए वह बेहद एक्साइटिड थीं। फिल्म के एक हिस्से के लिए उनके चेहरे के एक हिस्से पर घाव बनाया गया था जो देखने में डरावना था। यह चोट उनके किरदार के रोल का एक हिस्सा थी। परिणीति इस लुक को लेकर काफी एक्साइटिड थीं। वह भले ही फिल्म में ग्रे किरदार निभा रही हों, लेकिन सेट पर वह हमेशा हंसती रहती थीं। परिणीति शूटिंग से फ्री होकर पूरी टीम को टूर गाइड की तरह लंदन घुमाने ले जाती थीं। इतना ही नहीं वह उन्हें उन जगहों पर भी ले जाती थीं जहां वह अपने स्टूडेंट डेज में शॉपिंग, फूड आदि के लिए जाया करती थीं।

सूत्र ने आगे बताया, सबसे खास बात यह है कि इस सबके बावजूद जब परिणीति शूटिंग शुरू करती थीं तो बड़ी आसानी से किरदार में घुस जाती थीं। उन्होंने ऐक्शन सीन्स भी बिना किसी खास ट्रेनिंग के आसानी से कर लिए।

फ्लर्टिंग के लिए किस ऐक्ट्रेस से टिप्स लेती हैं रकुल प्रीत

ऐक्ट्रेस रकुल प्रीत खूबसूरती और टैलंट के मामले में किसी से कम नहीं हैं, लेकिन बात जब फ्लर्टिंग की हो तो वह खुद को इस डिपार्टमेंट में कमजोर मानती हैं। यही वजह है कि वह बीटाउन की एक दूसरी ऐक्ट्रेस, जो उनकी अच्छी दोस्त भी हैं, उनसे फ्लर्टिंग टिप्स लेती हैं। ऐक्ट्रेस ने कहा, फ्लर्टिंग में मैं बहुत बुरी हूं। मैं बात कर सकती हूं लेकिन मुझे फ्लर्ट करना नहीं आता। मुझे हमेशा महसूस होता है कि कोई मुझसे फ्लर्ट नहीं करता लेकिन मेरे दोस्तों ने मुझे बताया कि लोग मुझसे फ्लर्ट करते हैं लेकिन मैं ही हूं जो इसे समझ नहीं पाती। रकुल प्रीत ने बताया कि वह रिया चक्रवर्ती से फ्लर्टिंग के लिए टिप्स लेती हैं। उन्होंने इन चीजों को सीखने के लिए रिया को बेस्ट इंसान बताया। ऐक्ट्रेस ने आगे बताया कि वह लड़कों में कौन सी खासियत को तलाशती हैं जिससे वह आकर्षित होती हैं। मुझे लगता है कि सबसे ज्यादा अहम बुद्धि है। मैं जब किसी से बात करूं तो हमारी बातचीत इंट्रेस्टिंग और समझदारी से भरी होनी चाहिए। ऐसा नहीं हो तो ऐसे रिश्ते ज्यादा से ज्यादा 2-3 दिन, 2-3 सप्ताह या 2-3 महीने ही चल सकते हैं। मुझे लगता है कि ऐसे पुरुषों की संख्या बहुत कम है जिनके साथ अच्छी बातचीत की जा सके।